
समाचार

# बिना रूके, बिना थके जारी रहे कोरोना से जंग–मुख्यमंत्री

## (मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के नगर निगमों के महापौर, आयुक्त से ली नगरीय क्षेत्रों में कोविड नियंत्रण संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी, दिए आवश्यक दिशा निर्देश)




कोरबा 22 अप्रैल 2021 –मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज प्रदेश के नगर निगमों के महापौरों व आयुक्तों के साथ वर्चुअल मीटिंग के दौरान कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई अभी जारी है, हमें बिना रूके, बिना थके पूरी इच्छाशक्ति के साथ लगातार यह जंग लड़नी हैं तथा जल्द से जल्द कोरोना पर विजय प्राप्त करनी है। उन्होने कहा कि महापौर, पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधि अपने–अपने कार्य क्षेत्रों में नागरिकों को टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करें तथा अपना पूरा सहयोग दें।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज प्रदेश के नगर निगमों के महापौरों व आयुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से वर्चुअल मीटिंग की, जिसमें विभिन्न जिलों के कलेक्टर भी जुड़े रहे। वर्चुअल मीटिंग के दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस.सिंहदेव, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिव कुमार डहरिया, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू भी मौजूद थे।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव श्रीमती अलरमेल मंगई डी ने प्रदेश के सभी नगर निगमों की संकल्ति जानकारी प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने क्रमवार समस्त नगर निगम के आयुक्तों से टीकाकरण, होम आईसोलेशन एवं उनकी निगरानी व उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, दवाओं के वितरण, लाकडाउन उल्लंघन संबंधी प्रकरणों पर की गई कार्यवाही, बाहर से आने वाले श्रमिकों के लिए क्वारन्टाईन सेंटरों की व्यवस्था सहित विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के निगमों के महापौरों से कोरोना नियंत्रण के संबंध में की गई व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी ली तथा कहा कि निगमों के महापौर, पार्षदगण कोरोना के विरूद्ध लड़ी जा रही इस लड़ाई में अपनी पूरी सहभागिता दें तथा अपने–अपने कार्य क्षेत्रों में नागरिकों को टीकाकरण हेतु प्रेरित करें। मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कोरोना संक्रमण नियंत्रण के संबंध में विभिन्न जिलों में की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि कोरोना के विरूद्ध अभी लड़ाई जारी है, हमें बिना रूके, बिना थके इस जंग को लड़ना है तथा जल्द से जल्द कोरोना पर विजय प्राप्त करनी है। वर्चुअल मीटिंग को स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस.सिंहदेव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने भी संबोधित किया।

**महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने दी विस्तार से जानकारी**– वर्चुअल मीटिंग के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कोरबा नगर निगम क्षेत्र में कोरोना नियंत्रण के संबंध में की गई व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होने मुख्यमंत्री जी से बताया कि कोरबा जिले में कोरोना संक्रमण नियंत्रण के संबंध में राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा समय–समय पर समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं तथा जहां कहीं भी व्यवस्थाओं व सुविधाओं में कमी परिलक्षित होती है, वहां पर उनके द्वारा अपने स्तर पर त्वरित कार्यवाही करते हुए व्यवस्थाएं व सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। महापौर श्री प्रसाद ने कोरबा में स्टाकिस्ट न होने के कारण रेमडेसिविर इंजेक्शन की कमी का उल्लेख किया, जिस पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश

बघेल ने उक्त इंजेक्शन त्वरित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने कोरोना संक्रमण नियंत्रण से जुड़े कार्यो व व्यवस्थाओं हेतु पार्षदनिधि से व्यय करने का प्रावधान व इसे पार्षद मद की गाईड लाईन में शामिल करने का अनुरोध किया, जिस पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने अपनी सहमति जताते हुए इस पर त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

आयुक्त श्री जयवर्धन ने वैक्सीनेशन व कोरोना नियंत्रण कार्यो की दी जानकारी– आयुक्त श्री एस. जयवर्धन ने नगर निगम कोरबा क्षेत्र में कोरोना नियंत्रण से संबंधित अब तक की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होने निगम क्षेत्र में कोरोना की जांच एवं पाजिटिव प्रकरणों की संख्या, संक्रमण से ठीक हुए व्यक्तियों की संख्या, वैक्सीनेशन की कार्यप्रगति, वैक्सीनेशन सेंटरों की संख्या, कोरोना नियंत्रण व वैक्सीनेशन कराने जनजागरूकता के कार्य, लाकडाउन उल्लंघन पर की गई कार्यवाही, मास्क न लगाने व अन्य प्रकरणों पर लगाए गए जुर्माने सहित विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्रस्तुत की।